समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# रेपो रेट मे कंटौती से रियल एस्टेट सेक्टर मे नंई जान, एक्सपर्ट बोले- बूस्टर डोज साबित होगा RBI का कदम।

Publisher

Published on 06 Jun 2025



## सस्ते लोन से बढ़ेगा घर खरीदने वालों का आत्मविश्वास, मिड और अफोर्डेबल हाउसिंग सेक्टर को मिलेगा बड़ा फायदा।

**नई दिल्ली**: **भारतीय रिजर्व बैकं (RBI)** ने शुक्रवार को **रेपो रेट** में 50 बेसिस प्वाइंट की कटौती कर इसे 5.5% कर दिया है। यह इस साल की सबसे बड़ी कटौती मानी जा रही है। इसके चलते अब **होम लोन, कार लोन समेत सभी प्रकार के लोन** की EMI सस्ती हो जाएगी।

**RBI** को जहां इस फैसले से **अर्थव्यवस्था मे नंई रफ्तार** की उम्मीद है, वहीं **रियल एस्टेट सेक्टर** के जानकारों का मानना है कि यह कदम इस सेक्टर के लिए बूस्टर डोज साबित होगा।

**घर खरीदारों मे बंढ़ेगा कॉन्फिडेसं**
त्रेहान ग्रुप के प्रबंध निदेशक **सारांश त्रेहान** ने कहा:
"रेपो रेट में 50 बीपीएस की कटौती से रियल एस्टेट सेक्टर को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। इससे आवासीय खरीदारी में आत्मविश्वास बढ़ेगा। कम EMI के कारण पहली बार घर खरीदने वालों के लिए घर खरीदना और भी आसान हो जाएगा।"

उन्होंने आगे कहा कि यह कदम खासतौर पर **अफोर्डेबल** और **मिड-सेगमेटं हाउसिंग** की मांग को बढ़ावा देगा। साथ ही, **डेवलपर्स** को भी सस्ती पूंजी उपलब्ध होगी जिससे वे अपनी परियोजनाओं को तेजी से पूरा कर पाएंगे।

**बेहतर दर पर मिलेगा होम लोन**

केडब्ल्यू ग्रुप के निदेशक **पंकज कुमार जैन** ने कहा:

"RBI का यह फैसला घरेलू निजी खपत को प्रोत्साहित करने के लिए बेहद सकारात्मक है। अब EMI में कटौती के साथ बेहतर ब्याज दर पर नए होम लोन मिलेंगे। इस कदम से घर खरीदने वालों को बड़ी राहत मिलेगी, खासकर जब प्रॉपर्टी की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है।"

**बाजार और मुद्रास्फीति मे संतुलन**

गंगा रियल्टी ग्रुप के प्रबंध निदेशक **विकास गर्ग** ने कहा:

"50 बेसिस प्वाइंट की यह कटौती रियल एस्टेट सेक्टर के लिए सकारात्मक संकेत है। इससे खासकर मिड-इनकम और पहली बार घर खरीदने वालों में मांग में तेजी आएगी। डेवलपर्स के लिए भी फंडिंग की लागत कम होगी, जिससे परियोजनाओं के कार्यान्वयन में सहूलियत होगी।"

**बूस्टर डोज साबित होगा RBI का फैसला**

जेपी इन्फ्राटेक लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक **जस पंचामिया** ने कहा:

"यह कदम उपभोग और निवेश को बढ़ावा देगा। वर्तमान में जब महंगाई पर नियंत्रण है, ऐसे में सस्ते दरों पर लोन मिलने से रियल एस्टेट सेक्टर को नई ऊर्जा मिलेगी। यह पूरी तरह से बूस्टर डोज का काम करेगा।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.